शनिवार
06 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



तिलक के दौरान कट्टा में फंसी गोली निकालने में हुई थी आर्यन की मौत 2



# राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के पांच जवान शहीद

- राजौरी जिले के कंडी इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान आतंकियों ने किया आईईडी ब्लास्ट
- एनकाउंटर में कई आतंकवादियों के मारे जाने का किया गया दावा

**एजेंसी/श्रीनगर**





जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एनकाउंटर में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। सेना की ओर से बताया गया कि एनकाउंटर के दौरान हुए आईईडी ब्लास्ट में दो जवान मौके पर ही शहीद हो गए, जबकि तीन जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं कुछ अन्य जवान घायल बताए जा रहे हैं। वहीं सेना के अधिकारियों ने दावा किया कि एनकाउंटर में कई आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि इस आंकड़ा जारी नहीं किया गया है।

सेना ने एक बयान में कहा कि राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया गया था। शुक्रवार को लगभग 07:30 बजे खोजी दल ने एक गुफा में घुसे आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया। इस दौरान आतंकवादियों की ओर से किए गए विस्फोट में स्पेशल फोर्स से जुड़े दो जवान शहीद हो गए, जबकि मेजर रैंक के एक अधिकारी समेत चार अन्य घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान तीन और जवानों ने दम तोड़ दिया। सेना की उत्तरी कमान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि उसके जवान पिछले महीने जम्मू क्षेत्र के भाटा धुरियां के तोता गली इलाके में सेना के ट्रक पर घात लगाकर हमला करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खात्मे के लिए लगातार खुफिया सूचना आधारित अभियान चला रहे हैं।

## एक गुफा में छिपे हैं आतंकी

बयान में कहा गया है कि राजौरी सेक्टर में कांडी वन में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर तीन मई को संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे तलाशी दल ने एक गुफा में छिपे आतंकवादियों के एक समूह को घेरा। चट्टानों और खड़े पर्वतीय क्षेत्रों से घिरा यह इलाका बेहद घना जंगली क्षेत्र है।

## राजौरी में इंटरनेट बंद

बयान के मुताबिक, शुरूआती खबरों के अनुसार आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ है। बयान में कहा गया है कि आतंकवादी समूह में भी हताहत होने की संभावना है और अभियान जारी है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि राजौरी इलाके में मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई हैं।

# नीतीश राज में सनातनी लोग पूजा भी नहीं कर सकते: सम्राट

**केटी न्यूज/नालंदा**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा शुक्रवार को बिहारशरीफ सर्किट हाउस पहुंचे। मीडिया से बातचीत के दौरान बीजेपी नेताओं ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार नालंदा के हैं। बूढ़े हो गए हैं, बुजुर्ग हो गए हैं। मेमोरी लॉस सीएम हैं। जितने भी पार्टी के लोग आएंगे हम तो उनसे आग्रह करेंगे कि एक पेपर पर लिखवा कर रख लीजिएगा, यह भूल जाते हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रशासन ने चोरी छुपे रथ को मनीराम बाबा अखाड़ा पहुंचाया। यह धार्मिक काम है जिला प्रशासन का काम नहीं है। हम सनातनी हैं हम सबका सम्मान करते हैं, लेकिन नीतीश कुमार के राज में सनातन धर्म के तो लोग पूजा भी नहीं कर सकते हैं यह स्थिति बन गई है। सम्राट चौधरी ने जेडीयू और कांग्रेस के लोग आते हैं तो शहर में धारा 144 नहीं लगाई जाती है, जब बीजेपी के लोग आते हैं तो शहर में धारा 144 लागू रहती है। यह कौन सा न्याय है? नहीं चलेगा।

## खबरें फटाफट

### शरद पवार माने, बने रहेंगे एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई।** शरद पवार ने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा वापस लिया। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा करते हुए कहा, मैं अपना फैसला वापस ले रहा हूं। इससे पहले एनसीपी का नया अध्यक्ष चुनने के लिए गठित की गई समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी के अध्यक्ष का पद छोड़ने के शरद पवार के फैसले को खारिज कर दिया था।

### आज रात रेलवे की टिकट बुकिंग सहित कई सेवाएं बंद रहेंगी

**नई दिल्ली।** रेलवे का टिकट बुकिंग करनेवालों के लिए जरूरी सूचना है। रेलवे के मुताबिक, शनिवार रात 11:45 बजे से कुछ घंटे के लिए यानी 6 मई को सुबह 4:15 बजे तक टिकट बुकिंग सहित कई सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान रेलवे संबंधी सभी तरह की कंप्यूटरीकृत पूछताछ सेवा बंद रहेगी। शनिवार की देर रात से सुबह तक करीब 4 घंटा 30 मिनट तक रेलवे से संबंधित कामों में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान आईवीआरएस, टच स्क्रीन, कॉल सेंटर (टेलीफोन नंबर-139) के माध्यम से भी किसी तरह की ट्रेनों से संबंधित जानकारी नहीं मिलेगी। इसके साथ ही कंप्यूटर आधारित चालू आरक्षण बुकिंग का कामकाज भी बंद रहेगा।

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव: बल्लारी में मोदी ने जनसभा को किया संबोधित**

# कांग्रेस को मेरे जय बजरंगबली बोलने पर भी आपत्ति : पीएम मोदी

- बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के घोषणापत्र के वादे को लेकर पीएम मोदी लगातार हमलावर
- लगाया आरोप- जब भी आतंकवाद पर कार्रवाई होती है कांग्रेस को दर्द होने लगता है

**एजेंसी/बेंगलुरु**

बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के घोषणापत्र के वादे को लेकर पीएम मोदी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने शुक्रवार को बल्लारी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में ढेर सारे झूठे वायदें है। कांग्रेस का घोषणापत्र मतलब तालाबंदी और तुष्टिकरण का बंडल है। अब तो कांग्रेस की हालत इतनी बुरी है कि उनके पैर कांप रहे हैं और इसलिए कांग्रेस को मेरे जय बजरंगबली बोलने पर भी आपत्ति होने लगी है। पीएम मोदी ने फिल्म 'द केरला स्टोरी' का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि मैं ये देख कर हैरान हूं कि अपनी वोट बैंक के खातिर कांग्रेस ने आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए हैं। ऐसी पार्टी क्या कभी भी कर्नाटक की रक्षा कर सकती है? आतंक के माहौल में यहां के उद्योग, आईटी इंडस्ट्री, खेती, किसानी और गौरवमयी संस्कृति सब कुछ तबाह हो जाएगी। बीते कुछ वर्षों में आतंकवाद का एक और भयानक स्वरूप पैदा हो गया है। बम, बंदूक और पिस्तौल की आवाज तो सुनाई देती है, लेकिन समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिश की कोई आवाज नहीं होती।



### 'द केरला स्टोरी' को लेकर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकी साजिश पर बनी फिल्म 'द केरला स्टोरी' की इन दिनों काफी चर्चा है। कहते हैं, केरला स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकी साजिशों पर आधारित है। केरला में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा इस फिल्म में किया गया है। इस सिनेमा का भी कांग्रेस ने विरोध किया। ऐसी आतंकी प्रवृत्ति वालों से कांग्रेस, पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है।

### बीजेपी आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से कठोर

पीएम मोदी ने कहा कि कल यहां इतनी बारिश के बाद, इतनी कठिनाइयां थी उसके बावजूद ये जनसैलाब बीजेपी को आशीर्वाद देने आया है। ये दर्शाता है कि चुनाव के नतीजे क्या हैं। कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर सबसे प्रमुख आवश्यकता है। कर्नाटक का आतंकवाद से मुक्त रहना भी उतना ही जरूरी है। बीजेपी हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है।

## फिल्म द केरला स्टोरी की रिलीज पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार

केरल हाईकोर्ट ने फिल्म 'द केरला स्टोरी' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि फिल्म के ट्रेलर में किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। हालांकि, फिल्म निर्माता ने कोर्ट को भरोसा दिया है कि 'केरल की 32,000 से अधिक महिलाओं के आईएसआईएस में भर्ती होने का दावा' करने वाले विवादास्पद टीजर सोशल मीडिया से हटाया जाएगा। दरअसल, द केरला स्टोरी में उन लड़कियों की कहानी है जो नर्स बनना चाहती थीं लेकिन आईएसआईएस की आतंकी बन गई। इस फिल्म को लेकर विवाद भी हो रहा है। कुछ लोग फिल्म को बैन करने की मांग भी कर रहे हैं। फिल्म को बैन करने को लेकर हाईकोर्ट में 5 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। एक याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग द्वारा भी दाखिल की गई थी। 'द केरल स्टोरी' के ट्रेलर में ब्रेन वॉश, लव जिहाद, हिजाब और आईएसआईएस जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। ये फिल्म मुस्लिमों के खिलाफ है।

## बांग्लादेश की फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** बांग्लादेश की एक फ्लाइट की दोपहर करीब एक बजे पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। लैंडिंग के बाद सभी यात्री फ्लाइट के अंदर ही रहे। फ्लाइट बांग्लादेश से काठमांडू जा रही थी, लेकिन किसी पैसेंजर के साथ मेडिकल प्रॉब्लम होने के कारण पटना में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बताया जा रहा है कि पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद फ्लाइट में उचित व्यवस्था की गई। यात्री को बाहर नहीं निकाला गया। जिस यात्री की तबीयत खराब हुई थी उसकी हालत ठीक है। यात्रियों के खाने-पीने के सामान को फ्लाइट में ही व्यवस्था की गई। सबकुछ सही होने के बाद फ्लाइट ने उड़ान भरी।

# बागेश्वर बाबा का विरोध करने वालों का नाश हो जाएगा: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**



पटना के नौबतपुर में बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम 13 से 17 मई तक होना है। धीरेंद्र शास्त्री के दौरे को लेकर मचे सियासी संग्राम के बीच बीजेपी के नेता गिरिराज सिंह तैयारियों का जायजा लेने के लिए नौबतपुर स्थित तरेत पहुंचे गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी को आड़े हाथों लिया और जमकर हमला बोला। गिरिराज सिंह ने धीरेंद्र शास्त्री का विरोध करने वालों को तारकासुर बताया और कहा कि जो लोग तारकासुर बन रहे हैं, उनका नाश हो जाएगा। कहा कि तेजप्रताप यादव बोल रहे विरोध करेंगे। सेना तैयार है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर बोल रहे जेल भेज देंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि बाबा बागेश्वर कब नफरत फैलाने का काम किए हैं? ताजिया पर कभी भी हम लोगों ने पत्थर नहीं फेंका, लेकिन हम लोगों के पर्व त्योहार, जुलूस पर पत्थरबाजी की जाती है। रामनवमी में बिहार शरीफ, सासाराम में यह अभी हुआ। मस्जिदों से बम फेंके गए। उनकी आबादी बढ़ रही है और वह लोग गलत काम कर रहे हैं।




**गोवा में शंघाई सहयोग संगठन परिषद की बैठक, भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान पर बोला जोरदार हमला**

# पाकिस्तान आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता : एस जयशंकर

**एजेंसी/पणजी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन परिषद एससीओ की बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की मौजूदगी में पाकिस्तान पर बड़ा हमला किया है। जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता लगातार घट रही है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं। सीमा पर हालात सुधरने तक ये रिश्ते सामान्य हो भी नहीं सकते। बैठक के बाद जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वे यहां आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता बनकर आए।



**जयशंकर बोले- जी-20 और श्रीनगर पाक के साथ मुद्दा ही नहीं, सिर्फ पीओके पर होगी बात:** जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और पोषण करने वाले साथ नहीं बैठ सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के जी-20 और श्रीनगर मुद्दा है ही नहीं पाकिस्तान के साथ सिर्फ और सिर्फ पीओके ही मुद्दा है।

**पाकिस्तान और चीन के बीच बनने वाले तथाकथित कॉरिडोर पर भी निशाना साधा:** भारत ने पाकिस्तान-चीन के बीच तथाकथित कॉरिडोर के बारे में SCO की बैठक में एक नहीं दो बार ये स्पष्ट किया कि कनेक्टिविटी विकास के लिए जरूरी है लेकिन कनेक्टिविटी किसी की संप्रभुता और क्षेत्रिय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती।

### एलएसी पर शांति बहाल किया जाना जरूरी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अपने चीनी समकक्ष किन गैंग के साथ LAC पर जारी गतिरोध का मुद्दा उठाया। इधर, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ अंतरराज्यीय संबंधों की निष्पक्ष बहुध्रुवीय व्यवस्था को बरकरार रखने की बात की। चीनी विदेश मंत्री के साथ अपनी विस्तृत चर्चा के दौरान, जयशंकर ने दो टूक कहा कि जब तक चीन लंबित मुद्दों को हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाएगा तब तक दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होने की गुंजाइश कम है। जयशंकर ने कहा कि चीन पूर्वी लद्दाख में सीमा संबंधित मुद्दों को सुलझाया जाना चाहिए। वार्ता के लिए LAC पर शांति बहाल किया जाना जरूरी है।

## खबरें फटाफट

### गेंहू क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन

**गया।** सरकार द्वारा निर्धारित दर पर धान की तरह गेंहू भी किसान बेच सकेंगे। इसके लिए गेंहू क्रय सेंटर बनाया गया है। वृहस्पतिवार को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में गेंहू क्रय सेंटर का उद्घाटन किया गया। भारत सरकार द्वारा विपणन वर्ष 2023-24 के लिए गेंहू का निर्धारित समर्थन मूल्य दो हजार 125 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। गेंहू क्रय केंद्र गया जिला के अलावा जहानाबाद जिला में भी बनाया गया है। गेंहू क्रय संस्था भारतीय खाद्य निगम होगा। क्रय केंद्र के खुलने का समय सुबह दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक है। गेंहू बेचने वाले किसानों को आरटीजीएस के माध्यम से राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम मंडल के अधीनस्थ्य किसानों को उचित मूल्य पर गेंहू क्रय केंद्र खाद्य संग्रह भंडाल कटारी हिल तथा पीईजी जहानाबाद में बनाया गया है।

### डिलेवरी कराने आयी महिला बंदी को पैदा हुआ मृत बच्चा

आरा। आरा सदर अस्पताल में एक महिला बंदी ने मृत बच्ची को जन्म दिया है। इसके लिए महिला बंदी के परिजन जेल प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि जेल प्रशासन की ओर से समय पर उल्ट्रासाउंड और इलाज नहीं कराया गया। उस कारण बच्ची की मां की गर्भ में मौत हो गई। हालांकि जेल प्रशासन द्वारा लापरवाही से इनकार किया जा रहा है। महिला बंदी टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव के अभिषेक कुमार उर्फ राजा की पत्नी काजल कुमारी बतायी जा रही है। वह हत्या के मामले में बंद है। बताया जा रहा है कि बंदी काजल कुमारी को डिलेवरी के लिए गुरुवार की रात आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां उसे मरी हुई बच्ची पैदा हुई। उसके बाद महिला बंदी की ओर से जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है। महिला बंदी के अनुसार डॉक्टर की। ओर मरी बच्ची पैदा होने की बात बताई गई थी। सात दिन पहले सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया गया था। उस समय डॉक्टर ने बताया था कि पेट से पानी ज्यादा गिर गया है। ऐसे में बच्चा नहीं बचेगा। तब उसने जेल प्रशासन को बोला था था कि उसका अल्ट्रासाउंड करवा दिया जाये। लेकिन सात दिन बाद करवाया गया है।

# मुहिम चला टीबी को लेकर जिले के लोगों को जागरूक करने की जरूरतः सीडीओ


**केटी न्यूज/सासाराम**

◆ पंचायत, वार्ड, स्कूल व कॉलेज में कैम्प के माध्यम से लोगों को किया जाएगा जागरूक

2025 तक देश से टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार की मुहिम में रोहतास जिला यक्ष्मा केंद्र भी जिले से टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयासरत है। टीबी बीमारी के लक्षण, कारण और इसके बचाव को लेकर लगातार लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी मरीज की पहचान कर जिला यक्ष्मा केंद्र को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जिससे टीबी बीमारी की जांच कर टीबी से ग्रसित मरीजों का उपचार करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में लगभग 1670 टीबी के मरीज हैं। जिनका इलाज लगातार किया जा रहा है।

टीबी उन्मूलन को लेकर लगातार जांच अभियान में भी तेजी लाया गया है, जांच के दौरान प्रतिमाह 70 से 80 संदिग्ध मरीज मिल रहे हैं, जिसमें ग्रामीण, मलिन क्षेत्रों के लोगों में टीबी का प्रकोप ज्यादा दिख रहा है। इसका मुख्य कारण गंदगी और टीबी से ग्रसित मरीजों की लापरवाही भी मानी जा रही है। टीबी से ग्रसित मरीजों को लगातार सलाह दी जाती है कि घरों के साथ-साथ आसपास के लोगों से थोड़ी दूरी बना कर रहे। लोगों से बात करते समय मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि जहां-तहां ना थूकें, क्योंकि थूक के माध्यम से टीबी बीमारी एक दूसरे में अधिक फैलती है।

**टीबी उन्मूलन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी अहम :** जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी एक जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी का उन्मूलन लोगों में जागरूकता के माध्यम से ही किया जा सकता है।



क्योंकि टीबी के कारण, लक्षण और उपाय को लेकर लोगों में जागरूकता आएगी, तभी यह बीमारी धीरे-धीरे कम होती जाएगी। सीडीओ ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों से भी लगातार टीबी के मरीज की पुष्टि की जा रही है। ऐसे में एक मुहिम चलाकर टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता के लिए स्थानीय मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं वार्ड पार्षदों का सहयोग लिया जाएगा। प्रखंड में पंचायत, वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा कारणों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों मे भी छात्र एवं शिक्षकों के बीच जागरूकता कैम्प का आयोजन कर टीबी बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**टीबी का इलाज पूरी तरह से निःशुल्क :** सीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों खासकर एमडीआर से पीड़ित मरीजों की 11 से 12 लाख की दवाइयां सदर अस्पताल स्थित यक्ष्मा केंद्र में पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा टीबी बीमारी से संबंधित जांच भी पूरी तरह से निःशुल्क है। सीडीओ ने लोगों को सलाह दिया कि दो हफ्ते तक लगातार खांसी आती रहे, कमजोरी, भूख न लगना जैसे लक्षण दिखाई दे तो एक बार टीबी जांच जरूर करवाएं।

## छात्र के परिजनों ने दर्ज कराया था हत्या का मामला, दो आरोपित गिरफ्तार

# तिलक के दौरान कट्टा में फंसी गोली निकालने में हुई थी आर्यन की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से छात्र आर्यन की मौत के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस द्वारा हर्ष फायरिंग करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उनमें भदवर गांव निवासी महेंद्र राय का पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ करिया और केदार राय का पुत्र लव कुमार है। पूछताछ में दोनों ने हर्ष फायरिंग की बात भी स्वीकार कर ली। हालांकि दो आरोपित अभी पकड़ से बाहर हैं। दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि एक मई की रात भदवर गांव में धर्मेंद्र राय के घर तिलक समारोह में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग की कोशिश करने के दौरान गोली लगने से आर्यन कुमार नामक एक छात्र की मौत हो गयी थी। उसे लेकर उसके परिजनों की हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना का खुलासा और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। तफ्तीश के दौरान टीम द्वारा हर्ष फायरिंग करने में चार लड़कों की पहचान की। उसके बाद गुरुवार की रात फरहंगपुर नदी किनारे से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। दो अन्य की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को छापेमारी की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष सौरभ कुमार और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।



- घटना में प्रयुक्त कट्टे की तलाश के लिए छापेमारी जारी,
- पकड़े गए आरोपितों ने बताया-नाच के दौरान फायरिंग की कोशिश में फंसी थी गोली

**गोली निकलाने की छीनाझपटी में हो गई फायरिंग :** एसपी ने बताया कि भदवर गांव में तिलक समारोह में नाच के दौरान चार लड़के कट्टा से हर्ष फायरिंग की कोशिश कर रहे थे। तभी गोली फंस गयी, जिसे चारों लड़के गोली निकालने में जुट गए थे। उसे लेकर चारों छीन झपट कर रहे थे। तभी पहले से कॉक कट्टा से गोली चल गयी, जो छात्र के गर्दन में लग गया। उससे छात्र की मौत हो गयी थी। बता दें कि एक मई की रात भदवर गांव निवासी धर्मेंद्र राय के घर तिलक आया था। उसमें नाच का प्रोग्राम चल रहा था। उसी गांव के सीआरपीएफ जवान आनंद कुमार राय का 14 वर्षीय पुत्र आर्यन भी तिलक में भोज खाने गया था। भोज खाने के बाद वह नाच देखने चला गया। वहां उसे गोली लग गयी थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

## आपसी विवाद में मारपीट व फायरिंग

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले की गली नंबर दो में शुक्रवार की शाम दो पक्षों में मारपीट हो गयी। उस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गयी। उसमें एक रिटायर बीईओ गोली लगने से जख्मी हो गए। गोली उनके दाहिने पैर में घुटने के पास लगी है। वहीं मारपीट में उनका एक बेटा भी बुरी तरह चोटिल हो गया है। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। जख्मी रिटायर बीईओ मूल रूप से गया जिला के टेकारी थाना क्षेत्र के भोरी गांव निवासी अरुण प्रकाश हैं। वह इसी साल 31 मार्च को जगदीशपुर से रिटायर हुए हैं। वह पिछले कुछ सालों से आरा के आनंद नगर मोहल्ले की गली नंबर दो में अपना मकान बनाकर रहते हैं। मारपीट और फायरिंग का आरोप पड़ोस में ही रहने वाले चंदन नामक एक युवक पर लगाया जा रहा है। चंदन मूल रूप से संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं मारपीट और फायरिंग की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है।


## एक नजर

### बारात के दौरान नाच को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल



**सासाराम।** जिले के नोखा थाना क्षेत्र के भवरह टोला में गुरुवार रात आई बारात में जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे बरात में आए आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लड़का और लड़की पक्ष में विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में शुक्रवार सुबह शादी संपन्न कराई गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि संझौली थाना क्षेत्र के राजाडीह गाव से भवरह टोला पर सतेंद्र चौधरी के घर पर बारात आई थी। राजाडीह गांव के रंग चौधरी के पुत्र दीपक चौधरी की बरात गाजे-बाजे के साथ सतेंद्र चौधरी के घर पर पहुंचे थी। बारात में मनोरंजन के लि नाच की भी व्यवस्था की गई थी। शादी समारोह के दौरान नाच भी चल रहा था। इस बीच नाच के स्टेज पर चढ़ने को लेकर लड़का और लड़की पक्ष के बीच विवाद हो गया। बात बढ़ने पर विवाद मारपीट में बदल गया। स्टेज पर चढ़ने को लेकर के मारपीट में आघा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कुंडल कुमार, कृष्णा कुमार दोनों कुरी टोला निवासी, गुलशन कुमार चौधरी, सोनू कुमार, रोहित कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोखा में इलाज कराया गया। ग्रामीणों के द्वारा घटना की पुलिस को सूचना दी गई। वहीं मारपीट की सूचना मिलने पर नोखा के एसआई लालबाबू साहनी के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंची यहां पर के मारपीट कर रहे बाराती और ग्रामीणों को समझा.बुझाकर के शांत कराया गया और घायलों को नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लाए। पुलिस की उपस्थिति में शादी संपन्न कराया गया। इस संबंध में नोखा थाना में आवेदन दिया गया है।

### संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय के मलहचक मोड़ फिदा हुसैन रोड के समीप की रहने वाली चिंकी देवी नामक एक महिला की मौत हो गई। महिला के भाई संजीव कुमार ने इसे संदेहास्पद बताया है और कहा है कि इसकी जांच होनी चाहिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा होगा। खबर के अनुसार मलहचक मोड़ के समीप रहने वाले दिनेश प्रसाद नामक युवक से उक्त महिला की दूसरी शादी हुई थी। महिला के पति का कहना है कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब थी। इलाज चल रहा था और उन्होंने अपने हाथ से ही कोई गलत दवा खा ली। ज्यादा तबीयत बिगड़ जाने पर पटना ले जाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गई और इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। इधर मृत महिला के भाई संजीव का कहना है कि पहले से तबीयत खराब रहने की कोई जानकारी नहीं दी गई थी और अचानक उन्हें उनकी बहन की मौत हो जाने की खबर दी गई जो संदिग्ध है। उन्होंने जांच करने की मांग की है। बहरहाल इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक व साइकिल की भिड़ंत में एक की मौत

**जहानाबाद।** जिले तेज रफ्तार का कहर ने बीते दिन एक युवक की जान ले ली है। घटना में साइकिल सवार एवं बाइक सवार में जबरदस्त टक्कर होने से एक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। यह घटना जहानाबाद एकंगरसराय सड़क पर काको प्रखंड कार्यालय के सामने तेज रफ्तार एक बाइक सवार एवं साइकिल सवार में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें साइकिल सवार बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि एकंगरसराय तरफ से एक बाइक सवार आ रहा था। साइकिल सवार युवक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि निमचक निवासी संजय कुमार उर्फ संजू के पुत्र 12 वर्षीय टूटू कुमार की घटना स्थल पर ही मौत गई। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार एक और व्यक्ति काको निवासी पिंटू कुमार गंभीर रूप से जख़्मी हो गया। जिसे सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर किया गया है। वहीं बाइक सवार जहानाबाद निवासी दानिश को काको पीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया की आवाज सुनकर जुटे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना थाने को दी। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को काको पीएचसी में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। दूसरी ओर, घटना में टूटू की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**जहानाबाद।** ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि शकूराबाद थाना क्षेत्र के खजुरबाना गांव के समीप मिट्टी भराई का कार्य चल रहा था। तभी जेसीबी के खलासी नीतीश कुमार ट्रैक्टर चलाने लगा। अचानक ट्रैक्टर को गड्ढे में लेकर कूद गया, जिसके कारण नितीश कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही उसके साथ बैठा हुआ व्यक्ति सरवन कुमार घायल हो गया, जिससे इलाज के लिए शकूराबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि पटना जिले के फतेहपुर निवासी नीतीश कुमार जेसीबी पर खलासी का काम करता था। जेसीबी के ड्राइवर के साथ खजुरबाना गांव में मिट्टी भरने का काम करने के लिए आया था लेकिन नीतीश कुमार ट्रैक्टर चलाने लगा तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाने के कारण ट्रैक्टर पलट गई और उस व्यक्ति की मौत हो गई।

## यूनिसेफ की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया दौरा, रिपोर्टिंग प्रणाली की ली जानकारी

**गया।** जिला में स्वास्थ्य विभाग तथा आइसीडीएस द्वारा हो रहे स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यों में यूनिसेफ का सहयोग मिल रहा है। पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं की रिपोर्टिंग किस प्रकार हो रही है इसे जानने समझने के लिए यूनिसेफ टीम द्वारा जिला के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस भ्रमण के बाद यूनिसेफ टीम ने जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी। गुरुवार को यूनिसेफ के वरीय अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी डॉ एसएम त्यागराजन से मुलाकात कर रिपोर्टिंग व्यवस्था अद्यतन जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मार्क हेवर्ड, मुख्य डेटा अधिकारी- केयरन ओटूली, योजना प्रमुख, माईक बिजकर चीफ ऑफ एविडेंस, प्रीति दास, यूनिसेफ सीएफओ बिहार फील्ड ऑफिस` नफीसा बिंते शफीक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यूनिसेफ की टीम ने सबसे पहले पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से डेटा प्रबंधन के साथ पोषण संबंधी सेवा वितरण का अवलोकन करने के लिए बोधगया प्रखंड के तुरी खुर्द और शेखवारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया। वहां ऐप के कामकाज के साथ वीएचएसएनडी साइट पर स्वास्थ्य कार्यक्रम सेवा वितरण को जांचा-परखा। इस दौरान अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एलएस, आशा और एएनएम से उनकी जिम्मेदारियों और सेवा प्रावधान के दौरान उनके सामने आने वाली तकनीकी या फील्ड स्तर की चुनौतियों के बारे में बातचीत की। स्वास्थ्य सेवाओं में रिपोर्टिंग प्रणाली के प्रबंधन को लेकर सिविल सर्जन के साथ भी बैठक हुई जहां एचएमआईएस के माध्यम से डेटा प्रवाह पर चर्चा के साथ रिपोर्टिंग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गयी।



## जहानाबाद के शरजील काकवी संसद में करेंगे बिहार का प्रतिनिधित्व, युवाओं में उत्साह

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से देश भर से चयनित 25 युवाओं में से शरजील काकवी, भारतीय संसद, नई दिल्ली में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर को उनके बहुमूल्य योगदान और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता के लिए 9 मई को उनकी जयंती समारोह पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शरजील अहमद काकवी कायनात नगर, गांव काको जिला जहानाबाद के मूल निवासी हैं।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सक्रिय सदस्य, कायनात इंटरनेशनल स्कूल, कायनात नगर, काको, जहानाबाद, बिहार के पूर्व छात्र हैं। नेहरू युवा केंद्र संगठन, के माध्यम से शरजील काकवी को राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संसद, नई दिल्ली में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती समारोह में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए के लिए चुना गया है। शकील काकवी ने कहा कि भारतीय प्रतिभाएं गांवों में भी हैं, ग्रामीण युवाओं को अपनी क्षमता को अनलॉक करने और राष्ट्र में योगदान देने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए काम करें। मेरे गांव काको, जिला जहानाबाद और राज्य बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि सुदूर गांव के युवा भारतीय संसद के सेंट्रल हॉल, नई दिल्ली में होंगे। पमीर सिंह, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र संगठन, जहानाबाद ने शरजील अहमद काकवी को उनके प्रयासों और भारतीय संसद, नई दिल्ली में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए बधाई दी।



## विश्व हैंड हाइजीन डे पर सभी को हाथों को साफ रखने के लिए किया जा रहा प्रेरित

# कोरोना वायरस से बचने का निरोधक उपाय, हाथों को स्वच्छ बनाएं

**केटी न्यूज/भभुआ**

हाथों की स्वच्छता हर समय ही आवश्यक है, परंतु वर्तमान में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत हाथों को साबुन से धोना कोरोना वायरस की रोकथाम का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

इसके माध्यम से किसी भी प्रकार के वायरस के संक्रमण से बचा जा सकता है। शुक्रवार को विश्व हैंड हाइजीन डे यानि विश्व हाथों की स्वच्छता दिवस पर सभी को हाथों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम टूगेदर वी कैन एक्सलेरेट एक्शन टू प्रिवेंट इन्फेक्शन एंड एंटीमाइक्रोबिअल रेजिस्टेंस इन हेल्थ केयर एंड बिल्ड अ कल्चर ऑफ सेफ्टी एंड क्वालिटी इन विच हैंड हाइजीन इम्प्रूवमेंट इस गिवेन हाई प्रायोरिटी रखी गयी है। थीम का सार है कि हाथों की स्वच्छता को अपने दैनिक व्यव्हार में शामिल करें और सभी को इसके लिए प्रेरित करें।



**कोरोना वायरस से बचने का निरोधक उपायः** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि विभिन्न प्रकार की चीजों को छूने और उठाने में हम हाथों का ही प्रयोग करते है ऐसे में वायरस आसानी से हाथों के जरिये हमारे शरीर तक पहुच जाता है। ऐसे में हाथों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना की आवश्यकता है। वर्तमान में जो कोरोना वायरस का संकट है इसके लिए हाथों की स्वच्छता एक सबसे महत्वपूर्ण निरोधक उपाय है।

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलोजी इन्फॉर्मेशन (आईसीबीआई) के अनुसार हाथों की स्वच्छता से 31 प्रतिशत गैस की बीमारी और 21 प्रतिशत सांसों से संबन्धित बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं, सेंटर फॉर डिसीज एंड प्रेवेंशन के अनुसार साबुन और पानी से हाथ धुलना डायरिया से जुड़ी बीमारियों को 50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

### ऐसे करें हाथों की सफाई

- शौच से आने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथों को धोएं
- हथेली और नाखूनों को अच्छी तरह रगड़कर साफ करें
- भोजन के पहले और बाद में हाथों को अवश्य धोएं
- नाखून को हमेशा कटे हुए और साफ रखें
- साबुन, राख अथवा सैनिटाइजर से हाथों की नियमित सफाई करें
- बाहर से आने के बाद हाथों को साफ करना नहीं भूलें

# नगर निकाय चुनाव के दौरान उपद्रव फैलाने वालों को जेल भेजा जाएगा : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डुमरांव व इटाढ़ी में होनेवाले नगर निकाय चुनाव पर डीएम ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान व गिनती



9 जून को डुमरांव नगर परिषद व इटाढ़ी नगर पंचायत चुनाव के संबंध में जानकारी देने के लिए शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रेस वार्ता आयोजित की। डीएम ने बताया कि 9 से 17 मई तक विभिन्न पदों के प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र भरेंगे। 18 से 20 मई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी 21 से 23 मई तक किया जा सकता है। 24 मई को चुनाव में शामिल हो रहे कुल उम्मीद्वारों की सूची तथा उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 9 जून को सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। जबकि 11 मई को सुबह आठ बजे से मतगणना की शुरूआत होगी। 11 जून को ही दोनों निकायों में मतगणना पूरी कर हार जीत का फैसला कर दिया जाएगा।

डीएम ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि दोनों निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसका उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह के उपद्रव फैलाने वालों तथा हिंसा या रुपए तथा अन्य किसी लालच या भय दिखा चुनाव परिणाम को प्रभावित करने वालों को जेल भेजा जाएगा। डीएम ने कहा कि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाना जिला प्रशासन की पहली चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। बता दें कि राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के तीसरे चरण की घोषणा की है। जिसके तहत डुमरांव नगर परिषद और नव गठित इटाढ़ी नगर पंचायत में 9 जून को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासनिक कवायदें बढ़ गई है।

## कगजात दुरूस्त कराने में जुटे प्रत्याशी

इधर नगर परिषद चुनाव की घोषणा तथा 9 मई से नामांकन की शुरूआत होने से प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ गई है। चेयरमैन, उप चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद तीनों पदों के संभावित प्रत्याशी नामांकन फार्म भरने में लगने वाले जरूरी कागजातों को दुरूस्त कराने में जुट गए है। शुक्रवार को सरकारी छुट्टी के बावजूद प्रत्याशी तथा उनके समर्थक कार्यालयों का चक्कर लगाते देखे गए।

**भीषण गर्मी की परवाह छोड़ तेज किया प्रचार अभियान**: डुमरांव में नगर परिषद चुनाव की उदघोषणा के साथ ही प्रचार अभियान परवान चढ़ने लगा है। शुक्रवार को संभावित प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। शहर के सभी नुक्कड़ो पर प्रत्याशियों की आवाजाही पूरे दिन लगी रही। एक तरफ चेयर मैन व उप चेयरमैन के प्रत्याशी पूरे नगर परिषद क्षेत्र में घुम जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने का प्रयास करते दिखे तो दूसरी तरफ वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी अपने वार्डो में घर घर जा अभी से ही नामिनेशन में चलने तथा वोट देने की अपील कर रहे थे। भीषण गर्मी के बीच प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज हो गया है।

## खबरें फटाफट

### 12 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के बाली दलित बस्ती से 12 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर गांव के नंदजी मुसहर है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाली दलित बस्ती में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने गश्ती कर रहे एएसआई जाकिर हुसैन एवं पुलिस के जवानों को चिन्हित स्थान पर छापेमारी करने के लिए भेजा। जैसे ही पुलिस चिन्हित पर पहुंची, तस्कर गैलेन के साथ भागने लगा। पुलिस के जवानों ने पीछा कर तस्कर को धर दबोचा। साथ ही गैलेन को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही गैलेन को खोलकर देखा। गैलेन में 12 लीटर महुआ शराब था। जिसे पुलिस ने जब्त करने के साथ तस्कर को ओपी ले आए।

### नशे में युवक ने तलवार से महिला की अंगुली काटी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रुपसागर गांव में एक युवक शराब के नशे में एक महिला पर तलवार से हमला कर दिया। इस हमले में महिला की एक अंगुली कट गई है। जख्मी महिला की पहचान मिंता देवी पति गणेश यादव के रूप में हुई है। जख्मी महिला का इलाज सीएचसी नावानगर में कराया गया। वहीं महिला ने नावानगर में सुरेश यादव पर नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जख्मी महिला एवं आरोपी दोनों एक ही परिवार के है। उन्होंने बताया कि परिजनों का आरोपी हैं कि गिरफ्तार आरोपी नशे की हालत में अपने छोटे भाई के पत्नी साथ किसी बात को लेकर उलझ गए। जिसके बाद आरोपी आक्रोशित होकर तलवार से महिला पर वार कर दिया। इससे महिला की अंगुली कट गई है।

## केशव टाइम्स की खबर पर मुहर: एसपी ने प्रेस रिलीज जारी कर दी जानकारी

# पति की जान लेने के लिए कई दिनों से नशे की गोलियां खिला रही थी ममता

**अक्षय हत्याकांड**

- रेंका पाडेयपुर गांव के अक्षय पाडेय की हत्या की आरोपी पत्नी ममता और उसके आशिक को पुलिस ने भेजा जेल
- ममता से अवैध संबंधों की भनक जितेंद्र के परिवार को पहले से थी





**केटी न्यूज/डुमरांव**

सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका पांडेयपुर गांव के अक्षय कुमार पांडेय उर्फ बड़े पांडेय हत्याकांड का खुलासा हो गया है। शुक्रवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर मीडिया को इसकी जानकारी दी और बताया है कि आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। एसपी के प्रेस रिलीज जारी करते ही केशव टाइम्स की खबर पर मुहर लग गई है। बता दें कि केशव टाइम्स ने अपने शुक्रवार के अंक में ही रिश्ता शर्मसारः आशिक के साथ मिलकर पत्नी ने रेता था शराब तस्कर पति का गला शीर्षक से खबर प्रकाशित कर इस हत्याकांड के उद्भेदन का दावा किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी द्वारा जारी प्रेस रिलीज में इसकी पुष्टि हो गई है। जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर शाम ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके निशानदेही पर लोहे की टांगी जिससे उसका गला रेता गया था तथा खून से सनी साड़ी तथा एक शर्ट बरामद किया गया।

इस बरामदगी तथा दोनों की गिरफ्तारी के बाद से परिजनों में आक्रोश गहरा गया है। अभी तक परिजन इस बात की उम्मीद नहीं कर रहे थे कि अक्षय के साथ सात फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा करने वाली उसकी पत्नी ही आस्तिन का सॉप निकलेगी। लेकिन पुलिस ने साक्ष्य के साथ उसे गिरफ्तार कर परिजनों के उम्मीद को झुठला दिया है। इसके बाद परिजनों में गहरा आक्रोश है। वैसे परिजन समेत पूरे गांव को अक्षय की पत्नी ममता व जितेन्द्र दूबे के बीच के संबंधों की जानकारी थी। लेकिन उन्हें इस बात का अहसास नहीं था कि इसका परिणाम इतना भयावह हो सकता है।

### जितेन्द्र और ममता के बीच में रोड़ा बना हुआ था अक्षय

अक्षय की पत्नी ममता किसी भी सूरत में जितेन्द्र से दूर नहीं रहना चाहती थी। जबकि उसका पति दोनों के बीच रोड़ा बन रहा था। जेल से आने के बाद अक्षय के शराब पीने की लत बढ़ गई थी। खुद उसकी पत्नी उसे शराब पीने को देती थी। जानकार बताते है कि इसी के आड़ में उसे नशीली दवाईयां भी दी जा रही थी। घटना वाली रात भी वह काफी नशे में था। माना जा रहा है कि उसे नशीली दवाई दी गई होगी। इसी कारण उसके गर्दन पर वार होने बावजूद वह शोर नहीं मचा सका। इधर उसकी हत्या करने के बाद दोनों निश्चिंत हो गए थे कि उनके बीच का कांटा निकल गया। पुलिस को बरगलाने के लिए ही उसने बसगितियां के सरोज यादव को अपने पति के हत्या में नामजद किया था।

### ममता व जितेन्द्र की वासना में उजड़ गए दो परिवार

अवैध संबंधों का परिणाम कितना भयावह होता है, यह अक्षय पांडेय हत्याकांड में देखने को मिला है। मृतक की पत्नी ममता व उसके पड़ोस में रहने वाले जितेन्द्र के बीच वर्षो से अवैध संबंध चल रहा था। दोनों के बीच वासना के खेल में दो परिवार उजड़ गए हैं। वही 9 मासूम भी अनाथ हो गए है। बता दें कि ममता की चार बेटियां व दो बेटे समेत कुल छह बच्चें है। जबकि जितेन्द्र को दो बेटी व एक बेटा है। सभी नाबालिग हैं। अक्षय की हत्या तथा ममता के जेल जाने के बाद उनकी परवरिश कौन करेगा यह बड़ा सवाल बन गया है। यही हाल जितेन्द्र के बच्चों का भी है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी प्रिती देवी लंबे समय से दोनों के बीच के संबंधों का विरोध कर रही थी। लेकिन वह उसे मारपीट कर चुप करा देता था। अब पति के जेल जाने के बाद अब उसके सामने भी बच्चों की परवरिश की चिंता है। जितेन्द्र के दो भाई उससे अलग रहते है। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह मूलरूप से नावानगर थाना क्षेत्र के कुलमनपुर गांव का रहने वाला है। पांडेयपुर उसका ननिहाल है। पिता की मौत के बाद से उसकी मां बच्चों को लेकर अपने ननिहाल चली आई थी। ग्रामीण सूत्रों की माने तो जितेन्द्र शुरू से ही बिगडैल किस्म का था तथा उसका अपने भाईयों व मां के साथ बनता नहीं था। ममता से अवैध संबंधों की भनक उसके परिवार को भी थी। जिस कारण पूरा परिवार उससे अलग रहता था।



## डुमरांव में पार्किंग व्यवस्था नहीं लोग सड़क पर लगा रहे बाइक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लग्न शुरू होते ही डुमरांव शहर जाम की समस्या से जूझने लगा है। आये दिन मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग सड़कों पर ही वाहन खड़ा कर रहे हैं, जिस वजह से मुश्किलें बढ़ जाती है। दुकान के सामने बाइक खड़ा करने से मना करने पर लोग दुकानदारों से उलझ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकान के आगे दूसरे लोग बाइक खड़ा कर गोला या अन्य जगह बाजार करने निकल जाते हैं इससे उनके ग्राहकों को बाइक खड़ा करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, या फिर वे किसी दूसरे दुकान पर चले जाते हैं। इस कारण व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

शहर में बने कई भवन और प्रतिष्ठान ऐसे है, जहां पार्किंग की व्यवस्था नही है। नगर पर्षद द्वारा भी अब तक पार्किंग की सुविधा नही दी गयी है। मजबूरन लोग बेतरतीब तरीके से सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ा कर रहे हैं। इससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। जाम लगने से राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर पर्षद प्रशासन ने 10 व्हील लॉक की खरीदारी कर जाम से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन को सौंपा लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक गुजरने के बाद भी पुलिस ने इसका उपयोग नही किया। नतीजतन व्हील लॉक जंग खाने लगा है।

हालांकि प्रशासन ने मुख्य सड़क पर सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक रूट निर्धारित कर बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री घोषित किया है। बावजूद छोटे वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है और लोग बेतरतीब ढंग से वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा कर मुश्किलें बढ़ा देते हैं। बताया जाता है कि शहर का मुख्य सड़क एनएच 120 एक तरफ एनएच 84 को जोड़ती है तो दूसरी तरफ रोहतास के बिक्रमगंज सड़क से जुड़ाव है, जिस पर वाहनों का दबाव बना रहता है।

## विकृत चेहरा... प्रेम प्रसंग में हो रही हत्याओं से उजड़ रही रिश्तों की दुनिया

**सौरभ केशरी/डुमरांव**

इन दिनों प्रेम प्रसंग की धारणाएं ज्यादा पनप रही हैं। युवा वर्ग से लेकर प्रेमी जोड़े चकाचौंध जिंदगी के दलदल में फंस कर मौत की तरफ बढ़ने लगे हैं, जिससे समाज व रिश्तों की सामूहिक संवेदना आहत होती है। किशोर अवस्था के प्रेमी जोड़े अपने भविष्य संवारने के लिए उन्हें हाथों में कलम पकड़ने की जरूरत होती लेकिन वे अपनी जिंदगी को दांव पर लगाकर हथियारों से खेल रहे हैं। डुमरांव इलाके के कई थानों के आंकड़ों पर रौशनी डालें तो कई शादीशुदा महिलाएं अपने प्रेमजाल में फंस अपनों का खून कर रिश्तों की दुनिया उजाड़ चुकी हैं। हत्या के कई मामलों में पुलिसिया अनुसंधान के बाद इसका खुलासा हुआ। पुलिस सूत्रों की मानें तो पैसों का लालच, महंगे लिबास व कुछ अन्य वजहों से शादीशुदा महिलाएं दूसरे मर्दों से संबंध जोड़ रही हैं। इसमें फंसकर वे उलझती चली जाती हैं। पकड़े जाने पर मुंह छिपाने के बजाए प्रेम की राह में रोड़ा बनने वालों की साजिश कर मौत की तरफ धकेल दिया जाता है। पुलिस जब प्रेमी जोड़ों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखों में भेज देती है तो परिवार में बिखराव की स्थिति बन जाती है।

गांव की संसद से लेकर लेकर देश की संसद तक महिलाएं विराजमान हैं। बावजूद पिछले वर्षों में प्रेम प्रसंग में हो रही हत्याएं यह बयां करने के लिए काफी है कि डुमरांव इलाके में सब ठीकठाक नहीं हैं। शिक्षा के अभाव और चकाचौंध जिंदगी के दलदल में महिलाओं का तेजी से नैतिकता पतन हो रहा है। पति या प्रेमी की हत्या से समाज शर्मसार हो रहा है। एसएम कॉलेज के प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर की माने तो प्रेम प्रसंग का मामला क्षणिक पागलपन होता है। आज के युवा व युवतियों में ज्यादातर मोबाइल और टीवी के इस्तेमाल से मन का भटकाव होता है। यह वास्तविक दुनिया नही होती। जीवन मे तेजी से आगे निकलने की होड़ समाज के लिए अभिशाप बन गया है। मन-मस्तिक में भटकाव के कारण ऐसी घटनाएं घट रही है। समाज के बड़े-बुजुर्गों को युवा पीढ़ी पर निगरानी बेहद जरूरी है।

**केस-1** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कमधरपुर गांव में सुनील पासवान नामक युवक की हत्या कर गंगा नदी में शव को फेंक दिया गया था। जब पुलिस ने अनुसंधान पूरा किया तो इस हत्या में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी का हाथ सामने आया। पत्नी के कहने पर ही प्रेमी ने उसकी हत्या की साजिश रची और उसमें कामयाब हो गया।

**केस-2** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव में एक प्रेमी जोड़े ने राह में रोड़ा बने बुजुर्ग नंदबिहारी प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बगेन गोला गांव निवासी गुड्डू खान और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया। मृतक ने महिला को अपने पति के साथ प्रेम पूर्वक रहने की हिदायत दी थी लेकिन वह आशिक के प्रेमजाल में फंसकर इस घटना को अंजाम दिया।

**केस-3** डुमरांव के खिरौली के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इस हत्या के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो इसमें मृतक की पत्नी और उसके आशिक का नाम सामने आया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतक बेचन राजभर की पत्नी का प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने साजिश रच बेचन की हत्या कर दी।

### क्या कहते हैं डीएसपी



ऐसी हत्याओं में पुलिस को अनुसंधान करने के दौरान कई बाधाएं आती हैं। कानून के तहत डर बना रहता है कि कोई निर्दोष इसमें नहीं फंसे। जब अनुसंधान में यह स्पष्ट हो जाता है कि हत्या के दोषी और साक्ष्य के अनुसार आधार बनाकर ही हत्यारे को पुलिस गिरफ्तार करती है।

**– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

## एक नजर

### मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने नंदन गांव पहुंचे पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव



**डुमरांव।** सूबे के पूर्व मंत्री व कद्दावर भाजपा नेता नंद किशोर सिंह शुक्रवार को नंदन गांव पहुंचे थे। वे यहां एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उनकी आगवानी में नंदन पहुंचे थे। जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के नेतृत्व में कायकताओं ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। हालांकि वे निजी कार्यक्रम में आए थे। इस कारण कोई बयान नहीं दिया है। वैसे उनके आगमन को लेकर स्थानीय पुलिस सक्रिय रही। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे।

### दो बाइक के बीच टक्कर में तीन घायल

**केसठ।** केसठ बस स्टैंड पुल पर तेज रफ्तार से आ रही दो बाइक आपने सामने टकरा गई। जिसमे दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को बक्सर रेफर कर दिया गया है। घायलों में मुस्ताक अंसारी, तबसूम बीबी व भोला साह शामिल है। समाचार लिखे जाने तक इनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

### मामूली विवाद में नामजदों ने टेम्पो में लगाई आग

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में मामूली बात पर नामजदों ने एक टेम्पो में आग लगा जला दिया है। पीड़ित ने इस मामले में गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेलहरी अनुसूचित जाति बस्ती का अजित कुमार राम टेम्पो चला अपनी आजीविका चलाता है। गुरूवार को सुबह वह अपने घर के पास सड़क पर टेम्पो खड़ा किया था। इसी दौरान गांव के ही संजय महतो बाइक से गुजर रहा था। उसकी बाइक टेम्पो से टकरा गई। जिसके बाद संजय अजित से उलझ गया और टेम्पो में आग लगाने की धमकी दे दिया। दोपहर में उसकी टेम्पो में अचानक आग लग गई। जबतक लोग समझ पाते और आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक टेम्पो पूरी तरह से जल चुकी थी।

## सामाजिक कार्यकर्ता स्व ई अनुपम ओझा की पांचवी पुण्यतिथि मनी

# अनुपम ओझा के नाम पर खरहाटांड़ में बनेगा तोरणद्वार: ददन पहलवान

**केटी न्यूज/सिमरी**





स्व ई अनुपम ओझा ने कम समय में ही समाज सेवा की मिशाल पेश की थी। उनका इस दुनिया से असमय जाना काफी खलता है। खरहाटांड़ में उनके नाम पर एक तोरणद्वार बनवाया जाएगा। उक्त बातें गुरूवार को पूर्व मंत्री ददन पहलवान ने खरहाटांड़ गांव में कही। वे स्व ई अनुपम ओझा की पांचवी पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अनुपम मात्र 23-24 वर्ष की उम्र में ही समाज सेवा में काफी ख्याति अर्जित कर चुके थे। वे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बन गए थे। उन्होंने कहा कि आज भी युवा उनके पदचिन्हों पर चलना चाहते है। पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर उनके नाम पर गांव के मुख्य निकास द्वार के पास अपने निजी फंड से तोरणद्वार बनवाने की घोषणा की। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने स्व. ओझा के तैल्य चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गौरतलब है कि युवा भाजपा नेता ई अनुपम ओझा की मौत 5 मई 2018 को एक सड़क दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के बलियां जिला अंतर्गत हल्दी के पास छपरा बलिया मुख्य मार्ग पर हो गया था। वही अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन में स्व अनुपम ओझा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि उनका असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वक्ताओं ने कहा कि उनके अधूरे सपने को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। गांव के युवा उनके विचारों व सिद्धांतों से आज भी प्रभावित रहते है। पुण्यतिथि में शिवांग विजय सिंह, गायक विष्णु ओझा, भाजपा नेता रवि भूषण ओझा, ललन व्यास यादव, पंचायत मुखिया राजेश रंजन यादव, सरपंच संत बिहारी ओझा आदि उपस्थित थे।

# आरा व पटना को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे को केंद्र सरकार से मिली हरी झंडी

- रंग लाया सांसद मस्त का प्रयास, सड़क मार्ग के मामले में बलिया लिखेगा इतिहास

**केटी न्यूज/बलिया**

परिवहन के क्षेत्र में बलिया लोकसभा प्रगति की तरफ बढ़ रहा है। बहुत जल्द बलिया को आरा व पटना से सीधे सड़क मार्ग से जोड़ दिया जाएगा। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि दूसरी बडी मांग हमारे गाजीपुर के लिए था पूर्वांचल एक्सप्रेस वे (शेरपुर) को रेवतीपुर एनएच- 124 सी (ताड़ीघाट बारा) को जोड़ने का था। भारत सरकार के परिवहन मन्त्रालय इन दोनो मार्गो को प्राथमिक तथा मा मन्त्री जी के घोषणा में लेते हुए डीपीआर सर्वे के अनुमति प्रदान कर दी। दोनों प्रोजेक्ट लगभग 2500 सौ करोड़ की लागत से बनेंगे। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि एनएच-31 से जहां से पूर्वांचल एक्सप्रेस खत्म हो रहा है उस स्थान को शेरपुर ( हैदरिया) कहते है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की महत्ता और बढ़ जाएगी, जो गंगा नदी के उस पार जो उत्तर प्रदेश के बहुत बड़ा भू-भाग स्थति है, गाजीपुर का आधे ज्यादा हिस्सा चन्दौली बिहार का सटा हुआ हिस्सा गंगा इस पार स्थित है। बिहार का कैमूर, सासाराम, मोहनिया रामगढ़ इत्यादि है।



यदि हम एनएच-31 से 122बी ताड़ीघाट बारा को जोड़ते है तो पूर्वांचल एक्सप्रेस वे मात्र 10 किलोमीटर होगा तो सीधे गाजीपुर का पूरा भाग तथा बिहार तथा कलकत्ता मोहनिया मार्ग से सीधे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ देंगे, जोकि एनएच के आर्थिक दृष्टिकोण से भी सफल होगा। गंगा नदी पर पुल बक्सर भरौली के बाद बैरिया( सोनबरसा) बलिया आरा लिंक पर ही होगा। बक्सर भरौली से बैरिया (सोनबरसा) 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बलिया जनपद तथा पूर्वांचल के गोरखपुर, देवरिया, मऊ को सीधे पटना महानगर से जोड़ेगा। आरा बैरिया (सोनबरसा) लिंक भोगौलिक रूप से गंगा नदी के वजह से दो भाग में विभक्त है। परन्तु ये पूरा भोजपुर इलाका समाजिक आर्थिक सांस्कृतिक रूप से एक ही है, जो बलिया आरा पटना तथा बक्सर के भाग को जोड़कर बनता है। आरा बलिया लिंक एक्सप्रेस वे जुड जाता है तो , भौगोलिक एकता हो जाएगा। पूर्वांचल के पूर्वी भाग से बलिया गाजीपुर मऊ से सबसे नजदीक चिकित्सा सुविधा एम्स पटना है जोकि डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थति है। अन्य एम्स जिसमें गोरखपुर, रायबरेली, वाराणसी सभी 3 घंटे से अधिक की दुरी पर स्थति है। यदि एक्सप्रेस वे आरा बलिया जोड देते है तो इधर के बहुत बडे आवादी को बहुत सुविधाजनक होगा। बलिया का सबसे नजदीकी एअरपोर्ट पटना है जोकि डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थित है। अन्य एयरपोर्ट सभी 3 घंटे से अधिक की दुरी पर स्थति है। व्यापारिक दृष्टिकोण से खाद्यान, सब्जी-फल महानगर पटना लाने लेजाने के लिए सुविधा होगी।

## मतपेटियों की निगरानी के लिए समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने की बैठक

# सपा का आरोप... मतदान में हुआ फर्जीवाड़ा पुलिस कार्यकर्ताओं का कर रही उत्पीड़न



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के चलते पार्टी जीत के करीब

जनपद में समाजवादी पार्टी के नगर इकाई के कार्यकताओं एवं प्रत्याशियों की एक आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष एवं नगरपालिका परिषद गाजीपुर के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिनेश यादव के गोरा बाजार स्थित आवास पर आयोजित हुई। इस बैठक में मतपेटी की निगरानी एवं मतगणना कार्य के सम्बन्ध में कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ साथ भाजपा के जुल्म-ज्यादती और फजीर्वाड़े के खिलाफ पुरजोर विरोध एवं संघर्ष के लिए कार्यकताओं को बधाई दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने कहा कि इस चुनाव में कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के चलते पार्टी जीत के करीब है। आपकी मेहनत जाया नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी से निरर्थक और बेवजह बहस से बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कल जिस तरह से शासन सत्ता के दबाव में पुलिस सपा कार्यकताओं को बेवजह उठाने का काम कर रही थी।

**भाजपा ने किया आचार संहिता का उल्लंघन :** विधान परिषद सदस्य और पूर्व नगरपालिका चेयरमैन एक साथ गाड़ी में बैठकर बिना अनुमति के लम्बी गाड़ियों के काफिले के साथ हर मतदान केंद्र पर जाकर बूथ लूटने का प्रयास कर रहे थे, उनकी यह नापाक और अलोकतांत्रिक हरकत नगर की जनता को अच्छी नहीं लगी जिसके चलते मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में जमकर मतदान किया। भाजपा के लोगों ने चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि जिस तेवर और जज्बे के साथ अब तक आपने यह लड़ाई लड़ी है उसे बरकरार रखने की जरूरत है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, गोपाल यादव, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, अशोक अग्रहरि, राजेश कुमार यादव, अमलदारी यादव, छन्नू यादव, अभिनव सिंह, नफीसा बेगम, जुलैखा बेगम, ओपी यादव, मोहन रावत आदि उपस्थित थे।

## गाजीपुर में 57.19 फीसदी वोटरों ने मतदान में दिखाई रुचि

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव के प्रथम दौर में जिले में कुल 57.19 फीसदी मतदान हुआ। गाजीपुर नगर पालिका– 47.58 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं मुहम्मदाबाद नगर पालिका में 62.13 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह जमानिया नगर पालिका क्षेत्र में 56.26 फीसदी लोगों ने मतदान में रुचि दिखाई।सैदपुर नगर पंचायत में 64.91प्रतिशत हुआ। सादात नगर पंचायत में मतदान का प्रतिशत 69.70 रहा।बहादुरगंज नगर पंचायत में 64.68 प्रतिशत वोटरों ने मतदान किया।जंगीपुर नगर पंचायत में 67.03 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसी प्रकार दिलदारनगर नगर पंचायत में 57.19प्रतिशत वोटरों ने उत्साह के साथ मत डाले।

## विवेक सिंह शम्मी ने सपा से दिया इस्तीफा



**गाजीपुर।** समाजसेवी एवं कर्मचारी नेता विवेक सिंह शम्मी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पत्र में विवेक सिंह शम्मी ने समाजवादी पार्टी के सदर विधायक जैकिशन साहू पर आरोप लगाया है कि सदर विधायक जैकिशनू साहू ने साजिश करके भाजपा के प्रत्याशी को जीत दिलाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत हित को पार्टी हित से उपर रखते हुए टिकट आवंटन के लिए बनाई गई कोर कमेटी के निर्णय को दरकिनार कर मेरा टिकट कटवा दिया। विधायक जैकिशन साहू ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को पार्टी के लिए कोई काम न करने की धमकी देते हुए उनके हिसाब से टिकट न मिलने की स्थिति में सपा कार्यालय में स्वयं को चपरासी बनाने की बात कहते हुए अनावश्यक दबाव बनाकर भाजपा के हित में मेरा टिकट कटवा दिया गया। इस बात का प्रमाण वीडियो रिकार्डिंग मेरे पास है।

## मुख्तार ने खुद के नाम के आगे माफिया व बाहुबली लगाकर बदनाम न करने के लिए कोर्ट में दी अर्जी



**गाजीपुर।** यूपी के बाराबंकी में बाहुबली मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में एक अर्जी अपने वकील रणधीर सिंह सुमन के जरिए दी है। जिसमें मुख्तार अंसारी ने दुष्प्रचार रोकने की अपील की। मुख्तार ने अपने नाम के आगे गुर्गा, माफिया, बाहुबली व डॉन लगाकर बदनाम करने का पुलिस और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर आरोप लगाया है। मुख्तार ने ये भी लिखा है कि देश की आजादी में उसके परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बता दें कि मुख्तार अंसारी की तरफ से दी गई बाराबंकी कोर्ट की अर्जी में लिखा है कि कुछ पुलिस के वर्तमान और पूर्व अधिकारी मीडिया के जरिए दुष्प्रचार कर रहे हैं। मुकदमों में आरोप पत्र दाखिल हो जाने के बाद कोर्ट में विवेचना जारी है और अधिकारी गैंगस्टर एक्ट का दुरुपयोग कर मेरे साथियों पर गलत कार्रवाई कर रहे हैं। मुख्तार ने मीडिया ट्रायल के जरिए पुलिस के अधिकारियों व राजनीतिक लोगों पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया है।

# नंदलाल गुप्ता आत्महत्या के तीन आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

**केटी न्यूज/बलिया**

असलहा कारोबारी नन्दलाल आत्महत्या के आरोपी अजय सिंघाल, देव नारायण सिंह पूना व आलोक सिंह ने शुक्रवार को पुलिस को चकमा देकर गैंगस्टर कोर्ट कृष्ण कुमार सिंह द्वितीय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसकी खबर लगते ही प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। तीनों नन्दलाल आत्महत्या मामले में मुख्य आरोपी हैं। पिछले दिनों जिला जज ने छह आरोपियों को सशर्त जमानत मंजूर की थी।



जमानत पर छूटने के बाद प्रशासन ने इनकी कारगुजारियों को देखते हुए अजय सिंघाल, पूना सिंह सहित 11 आरिपियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत पाबंद किया था। पांच आरोपी जेल में निरुद्ध है। अभी संजय मिश्रा, राजू मिश्रा सहित तीन आरोपी भूमिगत है। उनके भी जल्द हाजिर होने की खबर है। निकाय चुनाव को लेकर पुलिस भूमिगत सभी गैंगस्टरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। कुछ दिनों से कोर्ट में हाजिर होने की संभावना को लेकर न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सुरक्षा को दरकिनार कर तीन गैंगस्टर के आरोपी कोर्ट में हाजिर हो गए। कोतवाल राजीव सिंह ने कहा कि हाजिर होने की सूचना मिल रही है, आगे कोर्ट के निर्णय का इंतजार है।

## अफजाल अंसारी के 3 शस्त्र लाइसेंस रद्द

**गाजीपुर।** आईएस गैंग लीडर मुख्तार अंसारी के भाई व पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के शस्त्र लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। बीते 29 अप्रैल को गैंगेस्टर मामले में अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई गई थी और उन्हें कोर्ट के निर्देश पर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा माफियाओं कि विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शासन स्तर पर चिन्हित कुख्यात अपराधी आईएस गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी के भाई व पूर्व सांसद अफजाल अंसारी निवासी दर्जी टोला युसूफपुर थाना मुहम्मदाबाद के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट मामले के तहत न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय चतुर्थ द्वारा 29 अप्रैल को दोष सिद्ध करार करते हुए चार वर्ष का कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई थी। इसी के परिणाम स्वरुप पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के नाम से जारी तीन शस्त्र लाइसेंस डीएम द्वारा निरस्त किया गया है।

# गाजीपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर कहा ओमप्रकाश राजभर कंफ्यूज नेता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वाराणसी से मऊ जाते समय सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर शुक्रवार को गाजीपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक घंटे से ज्यादा समय भाजपा जिला कार्यालय पर व्यतीत किया। इस दौरान वे भाजपा कार्यकताओं से मिले। अनिल राजभर ने आयोजित बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे समाज का दबा कुचला व्यक्ति आज अपने को सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज समाज मे पिछली कतार मे खड़े लोग भी निर्णय लेने कि क्षमता अपने आप में महसूस कर रहे है। चुनाव आयोग को भी एक बार वन नेशन-वन इलेक्शन पर संज्ञान लेना चाहिए। जो बात प्रधानमंत्री के द्वारा की जा चुकी है। वन नेशन वन राशन कार्ड आप सभी ने देख लिया है, अब हमें वन नेशन वन वोटर लिस्ट की तरफ आगे बढ़ना है।

सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बाबत सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर कंफ्यूज नेता है। बैठक मे कैबिनेट मंत्री को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर जिला उपाध्यक्ष लालसा भारद्वाज ने




स्वागत अभिनन्दन किया। संचालन भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, अच्छे लाल गुप्ता, संकठा प्रसाद मिश्रा, अनिल राजभर, धनेश्वर बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा,सोमारू चौहान, मयंक जायसवाल, मनोज यादव, संदीप सिंह सोनू, गोपाल राय, गुड्डू राजभर, चंदन बिंद, रंजीत कुमार, हीरा कुशवाहा ,प्रदीप राजभर,मंगल गोड़,सुनिल चौहान सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गुंडा एक्ट के तहत की बड़ी कार्रवाई

# गुंडा एक्ट के तहत 20 लोग जिला बदर, जारी रहेगी कार्रवाई: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद को अपराध मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है और गुंडा अपराधियों को लगातार चिह्नित करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएम अरुण कुमार ने गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जनपद को अपराध मुक्त करने के लिए अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इन सभी अपराधियों पर अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। डीएम ने पुलिस अधीक्षक को



निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में प्रवेश न करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

जिला बदर किए गए अपराधियों में मु. महमूद उर्फ जीतू थाना मोहम्मदाबाद गोहना, नखडू सोनकर थाना रानीपुर, मुकेश सोनकर थाना रानीपुर, राजेश राजभर थाना दक्षिण टोला, रामानंद यादव थाना घोसी, अमन सिंह थाना मधुबन, अफजल थाना कोपागंज, जैनुल आबदीन उर्फ चुन्नू थाना कोतवाली नगर, पवन चौहान थाना घोसी, राकेश यादव थाना चिरैयाकोट, पिंटू कुमार थाना हलधरपुर, मु. आरिफ थाना मोहम्मदाबाद गोहना, अवधेश कुमार उर्फ बागी थाना घोसी, अनवर थाना कोतवाली नगर, धर्मेंद्र चौहान थाना हलधरपुर, संतोष कुमार उर्फ बबलू थाना घोसी, मु. असलम उर्फ डग्गर थाना दक्षिण टोला, विकास मल्ल उर्फ सन्नी मल्ल थाना मधुबन, मु. नसरुल्ला थाना मोहम्मदाबाद गोहना, मु. बशीर थाना मोहम्मदाबाद गोहना के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए है।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी पूरी

**मऊ।** सामान्य नगर निकाय का चुनाव के तहत 11 मई को होने वाले मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। इस के क्रम में शुक्रवार को मोहम्मदाबाद कस्बे में स्थित टाउन इंटर कॉलेज में बनने वाले स्ट्रांग रूम पार्टी रवानगी एवं 13 मई को होने वाले मतगणना को लेकर कितने टेबल लगाए जाएंगे इसका स्थलीय निरीक्षण उपजिलाधिकारी अवधेश चौहान ने किया। इस दौरान बने हुए टाउन इंटर कॉलेज में विभाग के लोगों को यह बताया कि जो भी टेबल जहां लगाना है, उसका एक मैप बनाकर रखें। साथ ही, नियमानुसार सही हालत में रखें तथा मूलभूत सुविधाएं, विद्युत, पानी व रैंप की व्यवस्था शीघ्र कर लें। इस दौरान तहसीलदार राहुल गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय विक्रम सिंह, कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राम सम्मुख, नितेश गौरव, मनोज कुमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे ।

## एक नजर

### बक्सर में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान युवक को लगी गोली

**बक्सर।** जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में शुक्रवार की देर शाम तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को गोली बाए हाथ में कंधे पर लगी है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद तिलक समारोह में भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव निवासी राजेश तिवारी का 19 वर्षीय पुत्र विवेक तिवारी है। इधर विवेक तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव अपनी मौसी पुतुल देवी व अपनी मौसेरी बहन सुप्रिया के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। शुक्रवार की देर शाम जब आंगन में तिलक समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। वही पर उसके एक रिश्तेदार द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। तभी हर्ष फायरिंग के दौरान उसे बाएं हाथ पर कंधे पर गोली लग गई। जिससे खून से लथपथ जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी विवेक तिवारी ने अपने रिश्ते में लग रहे हैं मामा बबलू ओझा के द्वारा हर्ष फायरिंग करने एवं फायरिंग के दौरान उसे गोली लगने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। जबकि दूसरी ओर इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि 25 वर्षीय युवक को बाएं साइड कंधे पर गोली लगी थी। जिसके कारण खून काफी बह गया था। ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है और उसका बीपी व प्लस स्टेबल है। पेशेंट की स्थिति भी बिल्कुल ठीक है।



### पुलिस ने मुनादी कराकर धारा 82 की नोटिस चस्पा की, गैर जमानती वारंट भी जारी

**बलिया।** पुलिस ने पालचंद्रहा सरजापुर निवासी हत्या के आरोपी वारंटी जितेंद्र चौहान के घर पहुंच कर ग्राम प्रधान एवं परिजनों की मौजूदगी में मुनादी कराकर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि जितेंद्र चौहान, भूपेंद्र चौहान की हत्या का आरोपी है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई। न्यायालय ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। वारंट जारी होने के बाद भी आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया, लेकिन वह नहीं मिला। उसके फरार होने की स्थिति में सीजेएम न्यायालय की अनुमति पर ग्राम प्रधान व उसके परिजनों की उपस्थिति में धारा 82 का नोटिस उनके घर चस्पा किया गया। नोटिस चस्पा होने के बाद भी आरोपी ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी जितेंद्र चौहान का नाम भूपेंद्र चौहान की हत्या के विवेचना में सामने आया है। अन्य आरोपी बृजेश राम पहले ही जेल जा चुका है।




### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे हनुमान गंज चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लल्लू यादव (25) पुत्र गुलाब चंद्र यादव निवासी गांव ब्रह्माइन का शव शुक्रवार को उसके कमरे में फंदे के सहारे लटकता मिला। परिजनों के अनुसार मृतक ने अपने कमरे में ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जब उसके परिजन सुबह उसे जगाने के लिए गए तो उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है।



### सपा जिलाध्यक्ष व सिकन्दरपुर विधायक के बीच टिकट को लेकर जुबानी जंग सरेआम

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। एक तरफ सभी पार्टियां निकाय चुनाव के महासमर में अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं दूसरी तरफ बलिया में मंच पर ही सपा जिलाध्यक्ष तथा सिकन्दरपुर विधायक के बीच टिकट को लेकर जुबानी जंग सरेआम हो रहा था। इसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बलिया के बेल्थरारोड के एक कार्यक्रम का बताया जा रहा है। उक्त? वायरल वीडियो में सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव किसी बात पर यह कहते नजर आ रहे हैं कि "मंथन कीजिए रिजवी साहब,आप मंथन कीजिए, चुप रहिए रिजवी जी (सिकन्दरपुर विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी), जब आप बोल रहे थे, तो मैं सुन रहा था। अब मैं बोल रहा हूं, आप सुनिए। इस बीच पूर्व नेता प्रतिपक्ष खड़े होकर सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की तरफ बढ़ते हैं और हाथ पकड़कर कुछ कहते हैं। इस पर सपा जिलाध्यक्ष कहते हैं कि क्षमा कीजिए, मुझे बोलने दीजिए। सपा जिलाध्यक्ष फिर बोलना शुरू करते हैं कि अध्यक्ष जी ये बात हो रही है तो बात हो जाने दीजिए, सुनिए। साथियों इससे पार्टी? नहीं चल सकती है। यहां बैठा कोई भी व्यक्ति पता लगा सका सकता है। राजमंगल यादव ने एक टिकट नहीं दिया है। अपने आपको सोचना चाहिए कि हम क्या कर रहे हैं। जब आदमी गलती करता है तो अपने आप मंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस दिन को याद रखना चाहिए रिजवी साहब जी, विधायक रिजवी को बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने टिकट दिया था। डंके की चोट पर रिजवी साहब आपने मिथिलेश यादव को हराने का काम किया था।बलिया में कौन नगर पालिका हरा रहा ? नारद राय हरवा रहे हैं।

